भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्‍वारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन



दिनांक 10 जनवरी 2023 को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में अपरान्ह 03:00 बजे “विश्व परिदृश्य में हिन्दी की भूमिका” विषय पर ऑनलाईन राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राजभाषा संगोष्ठी में संस्थान मुख्यालय, जोधपुर तथा इसके पाली, बीकानेर, भुज, जैसलमेर में स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशनों के 60 से अधिक वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. जे.रेणुका, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) भाकृअनुप-राष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान प्रबंध अकादमी (नार्म), हैदराबाद द्‍वारा मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका के बारे में प्रकाश डाला गया। डॉ. जे.रेणुका ने मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा तथा राजभाषा के प्रति हम सबके दायित्वों पर चर्चा की। उन्होनें कहा कि वैश्विक तौर पर हिन्दी को प्रसारित करने में मीडिया, बाजार, साहित्यकारों तथा अनेकानेक लोगों का योगदान रहा है। संस्थान निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने कहा कि सरल व सहज हिन्दी का प्रयोग हिन्दी को बढ़ाने में सहायक होगा। उन्होनें कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजी सहित इन्य भाषाओं ने हिन्दी के शब्दों को ग्रहण किया है उसी प्रकार हिन्दी ने भी विभिन्न भाषाओं के शब्दों को आत्मसात् किया है श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) ने हिन्दी के प्रशासनिक कार्यो में उपयोग तथा राजभाषा संबंधी प्रावधानों का अनुपालन किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हिन्दी की प्रगति पर प्रकाश डाला तथा कहा कि वैश्विक स्तर पर हिन्दी के प्रसार के लिये अपनी भाषा का हर मच पर गर्वपूर्वक प्रयोग करना आवश्यक है। कार्यक्रम का समन्वय श्री नवीन कुमार यादव द्‍वारा किया गया।